# निदेशालय, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकC-835 /स0क0/विकास/ अभ्युदय/कैलेंडर–कोर्स प्लान /2026–27

लखनऊ दिनांक : 30 जून, 2026

समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सत्र 2026–27 में जनपदों में कक्षाओं के संचालन हेतु शैक्षणिक कैलेंडर उपलब्ध कराने के संबंध में।

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर सत्र 2026–27 में अभ्यर्थियों की निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं के संचालन हेतु अभ्युदय सचिवालय द्वारा निम्नलिखित पाठ्यक्रमों का शैक्षणिक कैलेंडर तैयार किया गया है।

| क0 सं0 | कोर्स का नाम | कोर्स की अवधि |
|---|---|---|
| 1. | सिविल सेवा परीक्षा | 1, जुलाई 2026 से 30, अप्रैल 2027 |
| 2. | IIT-JEE | 1, जुलाई 2026 से 15, मार्च 2027 |
| 3. | NEET UG | 1, जुलाई 2026 से 31 मार्च, 2027 |

नोटः– एन.डी.ए./सी.डी.एस., वन–डे एग्जाम लेक्चर प्लान संलग्न।

उपरोक्त के संदर्भ में अवगत कराना है प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु योजना के अंतर्गत पंजीकृत अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु मुख्यमंत्री अभ्युदय सचिवालय द्वारा तैयार किए गए विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु कोर्स प्लान तथा शैक्षणिक कैलेंडर संलग्न कर इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि कृपया अपने स्तर से प्रतिदिन सिविल सेवा परीक्षा के 90–90 मिनट एवं JEE/NEET के दो सत्र संबंधित विषय विशेषज्ञों से आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः–यथोक्त।

30/6/26

( संजीव सिंह )
निदेशक।

पृष्ठांकन संख्या दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

( संजीव सिंह )
निदेशक।

Abhyudav

Scanned with OKEN Scanner